हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 नवंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 बदबू व कचरे के बीच खरीदारी करने को मजबूर नागरिक



09 चंदेरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



मानकः पथप्रदर्शकः

MAKING CHARGE
STARTING FROM
4.99%
ON
GOLD JEWELLERY

Shree Radha Jewellery®
Unique Gold, Silver & Diamond Jewellery
तीन पीढ़ियों का अटूट विश्वास

शुभ धनतेरस

हर चमकती चीज़ की अपनी एक कहानी होती है...
कुछ गहने खूबसूरती बढ़ाते हैं, कुछ रिश्तों को खास बनाते हैं,
और कुछ पीढ़ियों की विरासत बन जाते हैं।
इस धनतेरस अपने घर लाइए
खुशियों की चमक और समृद्धि का एहसास।

श्रीराधा ज्वैलर्स

शुद्ध सोने, चांदी, डायमंड, कुन्दन,एन्टीक ज्वैलरी

गोल्डन टेस्टिंग सुविधा
सोने की शुद्धता की विश्वनीय जाँच

100% रिटर्नेबल ज्वेलरी
आपकी संतुष्टि और विश्वास के साथ

नि:शुल्क ज्वेलरी रिपेयरिंग
आपके आभूषणों की देखभाल हमारी जिम्मे

श्रीराधा ऑर्नामेंट गैलेरी प्रा. लि.

जगदीश कॉलोनी ब्रांच
नियर मेन मार्केट, जगदीश कॉलोनी, गुना (म.प्र.)

हाट रोड हेड ऑफिस
हाट रोड, गुना (म.प्र.)

संपर्क करें :
9425131459
9425131899

## कर्मचारियों की हड़ताल से नगर में दूसरे दिन भी सफाई व्यवस्था रही ठप, लोग परेशान

# बदबू व कचरे के बीच खरीदारी करने को मजबूर नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर जहां पूरा शहर साफ-सुथरा और रोशनी से जगमगाता नजर आना चाहिए था, वहीं सफाई व्यवस्था की बदहाली ने शहर की तस्वीर बिगाड़ दी। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सफाई मित्रों की लगातार दूसरे दिन भी जारी हड़ताल के चलते शहर के अधिकांश इलाकों में कचरे के ढेर लग गए। त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था ठप होने से आम नागरिकों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र लक्ष्मीगंज में सड़कों पर जगह-जगह कचरा बिखरा नजर आया। वहीं सदर बाजार, हाट रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों और गली-मोहल्लों में भी सफाई नहीं होने से गंदगी का आलम बना रहा। दीपावली की खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे लोगों को कचरे और बदबू के बीच से गुजरना पड़ा। दुकानदारों का भी कहना है कि त्योहार के समय बाजारों में सबसे अधिक साफ-सफाई की जरूरत होती है, लेकिन इसी दौरान सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।



### दो दिन से नहीं हुआ नियमित कचरा संग्रहण

सफाई मित्रों की हड़ताल का सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई दिया। कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियों के पहिये थमने से घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जमा होता रहा। लगातार दो दिनों तक नियमित सफाई नहीं होने से कई स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लग गए। इससे दुर्गंध फैलने के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हुई।त्योहार के महत्वपूर्ण अवसर पर सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से नगरपालिका प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि दीपावली को देखते हुए पहले से वैकल्पिक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए थी, ताकि कर्मचारियों की हड़ताल का असर आम जनता और शहर की स्वच्छता पर नहीं पड़ता। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी लोग सवाल उठा रहे हैं।

### बीमारियों का खतरा बढ़ा, जल्द समाधान की मांग

शहर में जगह-जगह जमा कचरे और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से सफाई मित्रों की मांगों पर जल्द समाधान निकालने और शहर की सफाई व्यवस्था तत्काल बहाल करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि त्योहार के समय शहर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था सामान्य नहीं हुई तो नागरिकों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## 16 साल बाद गूंजी किलकारी

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में डॉ राजपूत ने बचाई मां और बच्चे की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में चिकित्सा सेवा और समर्पण की एक प्रेरणादायी मिसाल सामने आई है। शादी के 16 साल बाद संतान सुख की आस लगाए बैठे एक परिवार के घर आखिरकार खुशियों ने दस्तक दी। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के बीच स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत ने सफल ऑपरेशन कर महिला को स्वस्थ पुत्र का जन्म दिलाया। ऑपरेशन के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

डॉ. सतीश राजपूत ने बताया कि आरोन क्षेत्र निवासी भूरिया बाई, पत्नी सुरेंद्र कुशवाह की शादी को 16 वर्ष बीत चुके थे, लेकिन उन्हें संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। इस दौरान परिवार ने मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई बड़े अस्पतालों में उपचार कराया,



लेकिन महिला की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए गर्भधारण को लेकर गंभीर जोखिम बताया गया था। इसके बाद महिला डॉ. सतीश राजपूत के संपर्क में आई। उनके मार्गदर्शन में लगातार उपचार और चिकित्सकीय परामर्श जारी रहा, जिसके बाद महिला गर्भवती हुई। यह मामला बेहद जटिल हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का था। महिला का वजन अधिक होने के साथ गर्भावस्था के दौरान कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी सामने आईं। गत रात्रि प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर महिला का ब्लड प्रेशर 200/120 तक पहुंच गया था।

# तृतीय ओपन नॉकआउट शतरंज प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला शतरंज संघ, गुना द्वारा आयोजित तृतीय ओपन नॉकआउट शतरंज प्रतियोगिता-2026 का समापन महाराणा प्रताप पार्क, संजय स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता में गुना शहर एवं अंचल के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके मुख्य प्रायोजक त्रिनेत्र एकेडमी, गुना रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया तथा अध्यक्षता जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला उपाध्यक्ष शिवपाल परमार, जिला शतरंज संघ अध्यक्ष घनश्याम सिंह रघुवंशी एवं सचिव शंकर सिंह राठौड़ ने विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील शर्मा ने किया। गिरधर TVS एवं अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, प्रायोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए खिलाड़ियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया।



### प्रतियोगिता के प्रमुख विजेता

अंडर-14 बालकः वेदार्थ मंगल
बालिकाः सय्यद अकीजा अली
अंडर-19 बालकः सचिन ओझा
अंडर-19 बालिकाः जयांशी झा
सीनियर पुरुषः कीर्ति कुमार
सीनियर महिलाः चैत्य जैन




## खेत में पानी देते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, मर्ग कायम

**गुना।** जिले के सिरसी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे की बताई जा रही है। गुरुवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मृतक जितेंद्र केवट निवासी सिरसी पेशे से किसानी और मजदूरी करते थे तथा जीवनयापन के लिए ठेला भी लगाते थे। बुधवार दोपहर वह अपने खेत में पानी दे रहे थे। मृतक के छोटे भाई ने बताया कि सिंचाई के दौरान अचानक मोटर की बिजली लाइन टूटकर गिर गई, जिसकी चपेट में जितेंद्र आ गए और जोरदार करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद जब परिजन खेत पर पहुंचे, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। मृतक अपने पीछे 4 छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### नानाखेड़ी में सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**गुना।** शहर कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी इलाके में चोरी की वारदात सामने आई है। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर चोर घर के अंदर रखी अलमारी से 20 हजार नगद और सोने-चांदी के जेवर पार कर ले गए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पिपरोदा खुर्द पानी की टंकी के पास, नानाखेड़ी निवासी रेखा पत्नी समन्दर केवट (42) ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत सुबह 8 बजे वह अपने पति समंदर और दोनों बेटों के साथ मजदूरी करने मंडी गई थीं, और घर पर कोई नहीं था। दोपहर 2 बजे पड़ोसी राहुल अहिरवार ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर में कोई अज्ञात व्यक्ति घुस गया है।












## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 नवंबर को ग्राम अजलेश्वर आएंगे

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 06 नवम्बर को अशोकनगर जिले की तहसील नईसराय के ग्राम



अजलेश्वर आयेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव 06 नवम्बर को हेलीकॉप्टर द्वारा जिला भिण्ड से अपरान्ह 03.30 बजे प्रस्थान कर अपरान्ह 04.35 बजे तहसील नईसराय के ग्राम अजलेश्वर आयेगें। ग्राम अजलेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की पूज्य माता के निधन होने पर शोक संवेदनाए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करेगें। तत्पश्चात ग्राम अजलेश्वर से सायं 05.05 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेगें।

### महर्षि पब्लिक स्कूल में दीपावली महोत्सव की धूम

**जीरापुर।** दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगोली, दीप सज्जा, थाली सज्जा, कलश सज्जा एवं मेहंदी सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कला, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जागरूकता और समसामयिक विषयों को बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोलियों में ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना की कलात्मक अभिव्यक्ति ने यह संदेश दिया कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, जागरूकता और सद्भावना का प्रकाश फैलाने का भी अवसर है। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, डॉ. बी.एल. गुर्जर, संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर एवं संचालक शिवचरण दांगी द्वारा निर्णायक मंडल नियुक्त किया गया। निर्णायकों के मूल्यांकन के पश्चात रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 10वीं इंग्लिश मीडियम, द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं इंग्लिश मीडियम तथा तृतीय स्थान कक्षा 12वीं बायोलॉजी हिंदी मीडियम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठौड़, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, विशाल सेन, पवन पाटीदार, तय्यबा कुरैशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### करंट से आउटसोर्स कर्मचारी की मौत

**नरसिंहगढ़।** समीपस्थ ग्राम आंदलहेड़ा में बुधवार शाम बिजली के पोल पर काम करते समय करंट लगने से आउटसोर्स कर्मचारी जगदीश कुशवाह की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गादिया डीसी में लाइन हेल्पर के पद पर कार्यरत था। गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि लाइनमैन की जगह लाइन हेल्पर से पोल पर काम कराया जा रहा था। वहीं, बताया जा रहा है कि मौके पर अर्थिंग रॉड भी उपलब्ध नहीं थी। बिजली लाइन पर काम करने के लिए परमिट किसके नाम से जारी हुआ था, इस सवाल पर भी विभाग की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसे में कर्मचारी की मौत के लिए जिम्मेदारी तय करने और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग उठ रही है।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की माता जी का निधन

**अशोकनगर।** बीजेपी नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मलकीत सिंह संधू एवं दिलबाग सिंह संधू की पूजनीय माताजी महेंद्र कौर संधू का 87 वर्ष की आयु में गुरुवार दोपहर 3 बजे निधन हो गया। निधन की सूचना लगते ही राजनीतिक दलों के नेता एवं समाजसेवियों ने दुख जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे उनके निज निवास पवारगढ़ में किया जाएगा।

---

### मायके पक्ष ने ससुरालजनों पर लगाए गंभीर आरोप

# चंदेरी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम हिरावल में बुधवार दोपहर एक 23 वर्षीय विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, वहीं मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम हिरावल निवासी अजय लोधी की 23 वर्षीय पत्नी प्रशन लोधी ने बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अपने घर के भीतर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब घर की एक छोटी बच्ची लगभग 3 बजे अंदर गई और उसने महिला को फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद आनन-फानन में शव को नीचे उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई।

#### मायके पक्ष ने उठाए गंभीर सवाल

घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मृतका के भाई अभिषेक लोधी निवासी सुनवह, जिला ललितपुर ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रशन लोधी के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग लंबे समय से उनकी बहन को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। भाई के अनुसार, मृतका अक्सर फोन पर घर की कलह और ससुराल वालों द्वारा किए जा रहे झगड़ों की बात बताती थी, लेकिन वह परिवार को बनाए रखने के लिए सब कुछ सहन करती रही। मायके पक्ष का यह भी गंभीर आरोप है कि इस घटना की आधिकारिक सूचना उन्हें ससुराल वालों द्वारा नहीं दी गई, बल्कि बुधवार शाम उनके एक दोस्त के जरिए इस अनहोनी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

#### पुलिस जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस ने मायके पक्ष द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को संज्ञान में लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के औपचारिक बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

### सर्प ने युवक का डसा, नहर में डूबने से मौत, जहरीला पदार्थ खाकर जान गंवाई

**जिले में अलग अलग कारणों से 3 की मौत**

**अशोकनगर।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्रों में 3 घटनाओं में 3 लोगों को अपनी जान गवाना पड़ी है, इन सभी घटनाओं में पुलिस ने मर्ग के मामले दर्ज किए हैं, मामले की जांच की जा रही है। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बबलू केवट पुत्र वीरन केवट उम्र 33 साल निवासी ग्राम खड़ीचरा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, उसे मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में उपचार के लिए ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत करण पुत्र फूलचंद अहिरवार निवासी ग्राम पांडरी की हिरावल सकवारा की बीच की नहर कौ पुलिया में डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत सवीता यादव पत्नि राजभान सिंह यादव निवासी ग्राम बघनरी को अपने ही घर में सर्प ने डस लिया था जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

---

# पिपरई में अवैध अस्पतालों पर प्रशासन की कार्रवाई, वैष्णवी क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर एवं आसपास के क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों और क्लिनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन ने कार्रवाई की। जिला चिकित्सालय अधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरई के प्रभारी डॉ. आशीष पहेलियां और नायब तहसीलदार अंजली चैधरी ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ के साथ करीब पांच से छह स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया गया। कार्रवाई के दौरान आकेत में संचालित वैष्णवी अस्पताल ब क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया। यहां गोलू लोधी द्वारा बिना वैध डिग्री के अस्पताल संचालित किए जाने का मामला सामने आया। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान गोलू लोधी पर शासकीय कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगा। मामले में नायब तहसीलदार अंजली चैधरी ने धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजे जाने की जानकारी दी।

#### शिकायतों के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

सीएचसी प्रभारी डॉ. आशीष पहेलियां ने बताया कि क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को लेकर मरीजों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जानकारी मिली थी कि कई स्थानों पर बिना आवश्यक डिग्री और योग्यता के अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय से आदेश प्राप्त होने के बाद नगर एवं आसपास के क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। करीब पांच से छह स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को सील किया गया।

---

## मुंगावली का नामकरण 'विद्यार्थी नगर' रखे जाने की मांग



**अशोकनगर।** अमर शहीद निर्भीक पत्रकार एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की ऐतिहासिक कर्मस्थली मुंगावली को उनके नाम से पहचान दिलाने की मांग तेज हो गई है। जिला पत्रकार संघ अशोकनगर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर साकेत मालवीय को ज्ञापन सौंपकर मुंगावली का नामकरण 'विद्यार्थी नगर' किए जाने तथा रेलवे स्टेशन पर उनके जीवन, संघर्ष, पत्रकारिता और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को दर्शाता स्मृति शिलालेख स्थापित करने की मांग की है।

---

### जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक, योजनाओं की प्रगति जानी

# हर गांव तक पहुंचेगा पेयजल, किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल मिले, इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर स्थित सेवा सदन कार्यालय में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में डॉ. टेटवाल ने विधानसभा क्षेत्र में जल उपलब्धता, जल प्रबंधन एवं पेयजल व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से क्षेत्र के सभी ग्रामों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को खेती के लिए पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान डॉ. टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करते हुए योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। पेयजल और सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। और कहा कि हमारा लक्ष्य सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पर्याप्त एवं सुचारु पेयजल पहुंचाना और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना है। जल संसाधनों का समुचित उपयोग ग्रामीण विकास, कृषि उत्पादन और क्षेत्र की खुशहाली के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारा संकल्प है कि हर गांव में पेयजल की बेहतर व्यवस्था हो और अन्नदाता किसान समृद्ध एवं खुशहाल बने। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद गिरवर भंडारी, विनोद पाटीदार सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### राजगढ़ जिले के पारेषण नेटवर्क को मिली नई कनेक्टिविटी

# एमपी ट्रांसको ने सुठालिया में ऊर्जीकृत किए दो नए 132 केवी सर्किट: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने राजगढ़ जिले के 132 केवी सुठालिया सबस्टेशन में दो नए 132 केवी फीडर बे सफलता पूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किए हैं। इनके माध्यम से 132 केवी ब्यावरा और 132 केवी मधुसूदनगढ़ ट्रांसमिशन लाइनों को सुठालिया सबस्टेशन से जोड़ा गया है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने देते हुए बताया कि यह कार्य 132 केवी ब्यावरा, मधुसूदनगढ़ ट्रांसमिशन लाइन की लाइन इन लाइन आउट व्यवस्था के अंतर्गत किया गया है। इस नई कनेक्टिविटी से राजगढ़ जिले के विद्युत पारेषण नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। क्षेत्र को बिजली आपूर्ति के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध होने से पारेषण व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ेगी। साथ ही, भविष्य में 400 केवी पावर ग्रिड सुजालपुर से भी इस क्षेत्र को बिजली उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब निर्माण) एस.के. दुबे ने जानकारी दी कि लाइन इन लाइन आउट कार्य के अंतर्गत 132 केवी सुठालिया, ब्यावरा तथा 132 केवी सुठालिया, मधुसूदनगढ़ लाइनों के लिए डबल सर्किट, डबल स्ट्रिंगिंग की कुल 11.34 सर्किट किलोमीटर लंबी नई ट्रांसमिशन लाइनों का निर्माण किया गया है। इस कार्य में कुल 37 ट्रांसमिशन टावर स्थापित किए गए हैं। विभिन्न व्यावहारिक चुनौतियों के बावजूद कार्य पूरा कर दोनों फीडर बे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किए गए। इससे सुठालिया सबस्टेशन को ब्यावरा और मधुसूदनगढ़ की ओर से नई पारेषण कनेक्टिविटी प्राप्त हुई है। यह कार्य मुंबई की मेसर्स विक्रान कंपनी द्वारा लगभग 15.67 करोड की अनुमानित लागत से टर्नकी आधार पर किया गया है। मुख्य अभियंता श्री दुबे ने बताया कि भविष्य में नरसिंहगढ़ सबस्टेशन के उन्नयन के बाद 400 केवी पावर ग्रिड सुजालपुर से नरसिंहगढ़ के माध्यम से सुठालिया क्षेत्र को बिजली उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा। इससे राजगढ़ जिले के पारेषण नेटवर्क में वैकल्पिक विद्युत स्रोत की उपलब्धता बढ़ेगी और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति अधिक भरोसेमंद बनाने में मदद मिलेगी।

---

# रमा एकादशी पर खाटूश्याम मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



शहर के नेशनल हाईवे तीन पर स्थित शखाटू श्याम मंदिर में गुरूवार को रमा एकादशी के अवसर पर भक्तों का बाबा के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। मंदिर समिति के अनुसार, हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंगला आरती के साथ मंदिर में दर्शन शुरू हुए। इसके बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने कतार में लगकर दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।

रमा एकादशी के अवसर पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो फूलों और आकर्षक सजावट से बाबा का दरबार सजाया गया। फूलों से सजे दरबार के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। मंदिर में महिलाओं और बच्चों की भी बड़ी संख्या रही। कई भक्त परिवार सहित बाबा के दरबार में पहुंचे। रमा एकादशी पर ब्यावरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु श्याम निशान लेकर मंदिर पहुंचे। कई टोलियां ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ मंदिर पहुंचीं। हाथों में श्याम निशान लिए भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए नजर आए। पूरे दिन मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल बना रहा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से दर्शन के लिए कतार और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई। पुलिस, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने भीड़ को व्यवस्थित करने में सहयोग किया। मंदिर परिसर के साथ आसपास के मार्गों पर भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवान और स्वयंसेवक तैनात रहे। सनातन परंपरा में रमा एकादशी का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की इस एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत का विधान है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत-पूजन करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी के चलते ब्यावरा के श्री खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।

---

### रॉयल हाईट्स स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**जीरापुर।** नगर के रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए



आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां बनाई। इस अवसर पर संस्था संचालक रणधीर सिंह ने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी दीपावली पर्व के महत्व, खुशियों और भारतीय संस्कृति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दीपावली आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने का पर्व है।

---

# कलेक्टर ने ग्राम अजलेश्वर में ग्राम पंचायत भवन, स्कूल,आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को तहसील नईसराय के ग्राम अजलेश्वर के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत भवन, स्कूल,आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन में पर्याप्त साफ सफाई रखें जाने एवं रिकॉर्ड संधारित्र रखे जाने के निर्देश दिए। जर्जर शासकीय भवनो को डिस्मेंटल किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम अजलेश्वर के भ्रमण के दौरान कलेक्टर द्वारा चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की पूज्य माता के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम त्रिलोचन गौड़, तहसीलदार शंभू सिंह मीना, नायब तहसीलदार साथ रहे।



---

### दीपावली की शुभकामनाएं देने मुख्य बाजार पहुंचे विधायक मोहन शर्मा

# विधायक ने नीतिका से खरीदे मिट्टी के दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



दीपावली के पावन पर्व को लेकर नगर में उत्साह और रौनक का माहौल है। इसी क्रम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे विधायक मोहन शर्मा नगर के मुख्य बाजार में पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यापारियों, दुकानदारों और नगरवासियों से मुलाकात की तथा सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। बाजार भ्रमण के दौरान विधायक ने व्यापारियों से आत्मीय संवाद किया और नगर के व्यापारिक माहौल के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी ली।

#### सब्जी मंडी में जाम की समस्या से कराया अवगत

बाजार भ्रमण के दौरान कुछ व्यापारियों ने विधायक के सामने सब्जी मंडी क्षेत्र में आए दिन लगने वाले जाम की समस्या रखी। व्यापारियों ने बताया कि सब्जी मंडी में वाहनों और ग्राहकों की अधिक आवाजाही के कारण आवागमन प्रभावित होता है, जिससे व्यापारियों के साथ आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर विधायक ने व्यापारियों की बात गंभीरता से सुनी और समस्या से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली।

#### नीतिका से खरीदे मिट्टी के दीये, बढ़ाया उत्साह

बाजार भ्रमण के दौरान विधायक की नजर शिक्षक कॉलोनी चैराहे पर मिट्टी के दीये की दुकान लगाकर बैठी लसुलिया रामनाथ निवासी नीतिका प्रजापति पर पड़ी। नीतिका दीपावली के अवसर पर अपने हाथों से तैयार किए गए मिट्टी के दीये बेच रही थीं। विधायक मोहन शर्मा ने उनके पास पहुंचकर दीये खरीदे और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने नीतिका से बातचीत कर उसके इस प्रयास की सराहना की। विधायक ने कहा कि नीतिका जैसी बेटियां आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, यह समाज के लिए गर्व की बात है। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, मंडल उपाध्यक्ष हिरदेश चंद्रवंशी, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन अग्रवाल, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, धीरज भावसार, संतोष पटेल, गोपाल राठौर, राकेश मीणा, विक्रम पटेल, रोहित शर्मा, दीवान मीणा, नीरज राठौर आदि रहे मौजूद।


धनतेरस एवं दिपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद सिंह लोढ़ा
अध्यक्ष, प्रेस क्लब गुना
PRESS CLUB COMMITTEE
PCC